मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

छात्राओं ने की साफ-सफाई

लखनऊ। कैसरबाग स्थित नारी शिक्षा निकेतन स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बृहस्पतिवार को सात दिवसीय एनएसएस के विशेष शिविर की शुरुआत की गई। प्राचार्या प्रो. सपना वर्मा ने छात्राओं का मनोबल बढ़ाया। पहले दिन स्वच्छता अभियान के अंतर्गत छात्राओं ने नारी सेवा मेडिकल सेंटर में साफ-सफाई की। राखी निगम ने बेकार चीजों के माध्यम से क्ले व ग्लास पेंटिंग के गुर सिखाए। ऊषा प्रजापति त्रिपाठी ने युवाओं के रोजगार के अवसर व समाज के प्रति उनके दायित्व पर व्याख्यान दिया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. इंदु कनौजिया, दिव्या पाल मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)